समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 22 September 2026

# ऑपरेशन सिंदूर मे मात खाने वाले पाक सेना प्रमुख आसिम मुनीर को अमेरिका का न्यौता, ट्रंप खेल रहे चेक-एंड बैलेसं का खेल ?

Publisher

Published on 11 Jun 2025




## 14 जून को वॉशिंगटन मे होंने वाले 250वे यूएस आर्मी डे परेड मे शामिल हो सकते है पाक आर्मी चीफ ; ट्रंप आतंकवाद पर बातचीत की योजना मे ।

**नई दिल्ली :** भारत द्वारा चलाए गए **ऑपरेशन सिंदूर** में बुरी तरह से मात खाने वाले **पाकिस्तानी सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर** अब अमेरिका के 250वें **यूएस आर्मी डे परेड** में शामिल होने वाले हैं। सूत्रों के मुताबिक, **12 जून को वॉशिंगटन डीसी** पहुंचने की संभावना है, जहां वह अमेरिकी रक्षा अधिकारियों और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात कर सकते हैं।

वॉशिंगटन स्थित पाकिस्तानी दूतावास के हवाले से बताया कि **अमेरिका ने आसिम मुनीर** को आधिकारिक न्यौता भेजा है। रिपोर्ट्स के अनुसार, इस यात्रा के दौरान अमेरिका आतंकवाद के मुद्दे पर खासतौर से बात कर सकता है, विशेषकर भारत और अफगानिस्तान में सक्रिय आतंकी संगठनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई को लेकर।

### क्या ट्रंप फिर से मध्यस्थता की भूमिका मे ?

**डोनाल्ड ट्रंप** इससे पहले भी **10 मई को हुए सीजफायर का क्रेडिट** लेते नजर आए थे। उनका दावा था कि भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्षविराम उनकी मध्यस्थता के बाद संभव हो सका। हालांकि, भारतीय सरकार ने स्पष्ट किया कि यह निर्णय दोनों देशों के आपसी संवाद से हुआ था और इसमें किसी तीसरे देश की भूमिका नहीं थी।

### सीजफायर से पहले पाकिस्तान की दो बार अपील

सूत्रों के मुताबिक, पाकिस्तान ने **7 मई को पहली बार भारत से सीजफायर** की मांग की थी। इसके बाद **10 मई को दोपहर**

**3:35 बजे भारत और पाकिस्तान के DGMO (डायरेक्टर जनरल ऑफ मिलिट्री ऑपरेशंस)** के बीच बातचीत हुई और तभी सीजफायर पर सहमति बनी।

**ऑपरेशन सिंदूर : भारत का सटीक प्रहार**

22 अप्रैल को हुए पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में, भारत ने 6-7 मई की रात **ऑपरेशन सिंदूर** के तहत पाकिस्तान में 9 आतंकी ठिकानों को तबाह कर दिया। इसके बाद पाकिस्तान ने जवाबी हमले की कोशिश की लेकिन उसे मुंह की खानी पड़ी। **भारतीय वायुसेना के राफेल** और **सुखोई लड़ाकू विमानों ने JF-17** और मिराज जैसे **पाकिस्तानी फाइटर जेट्स** को ध्वस्त कर दिया।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.